Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय - 14 | जैव-विविधता एवं संरक्षण

QUIZ PART-04

1. **जैव-विविधता संरक्षण की आवश्यकता क्यों है?**
   A. केवल आर्थिक विकास के लिए
   B. मानव अस्तित्व और पर्यावरण संरक्षण के लिए
   C. पर्यटन बढ़ाने के लिए
   D. केवल कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए (B)

*व्याख्या:* जैव-विविधता संरक्षण मानव के अस्तित्व और पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है।

2. **जैव-विविधता संरक्षण का एक महत्वपूर्ण उपाय क्या है?**
   A. औद्योगीकरण को बढ़ावा देना
   B. प्रजातियों के आवास स्थलों की सुरक्षा
   C. वन कटाई बढ़ाना
   D. रासायनिक खादों का अधिक उपयोग (B)

*व्याख्या:* संरक्षण के लिए प्रजातियों के प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा आवश्यक है।

3. **सतत् पोषणीय विकास का उद्देश्य क्या है?**
   A. संसाधनों का त्वरित उपयोग
   B. विकास के साथ संरक्षण
   C. केवल औद्योगिक विकास
   D. केवल शहरी विकास (B)

*व्याख्या:* सतत् विकास में संसाधनों के साथ पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जाता है।

4. **पृथ्वी सम्मेलन (1992) कहाँ आयोजित हुआ था?**
   A. नई दिल्ली
   B. पेरिस
   C. रियो-डी-जेनेरो
   D. बीजिंग (C)

*व्याख्या:* 1992 में जैव-विविधता सम्मेलन रियो-डी-जेनेरो में आयोजित हुआ।

5. **रियो सम्मेलन में भारत सहित कितने देशों ने हस्ताक्षर किए?**
   A. 50
   B. 100
   C. 155
   D. 200 (C)

*व्याख्या:* जैव-विविधता समझौते पर भारत सहित 155 देशों ने हस्ताक्षर किए।

6. **वन्य जीव संरक्षण के लिए भारत सरकार ने कौन-सा अधिनियम पारित किया?**
   A. वन नीति 1985
   B. जैविक सुरक्षा अधिनियम 2002
   C. वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम 1972
   D. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 (C)

*व्याख्या:* भारत में जैव-विविधता और वन्य जीवों की रक्षा हेतु 1972 में वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया।

7. **वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम लागू हुआ—**
   A. 1951
   B. 1961
   C. 1972
   D. 1981 (C)

*व्याख्या:* वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम भारत में 1972 में लागू किया गया।

8. **विश्व में सर्वाधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों को क्या कहा जाता है?**
   A. रेगिस्तान
   B. जैव-शून्य क्षेत्र
   C. महा-विविधता केंद्र
   D. ध्रुवीय केंद्र (C)

*व्याख्या:* जिन देशों में अत्यधिक प्रजातीय विविधता है उन्हें महा-विविधता केंद्र कहा जाता है।

9. **विश्व में कुल कितने महा-विविधता केंद्र हैं?**
   A. 10 B. 12
   C. 24 D. 50 (B)

*व्याख्या:* विश्व में 12 महा-विविधता केंद्र माने जाते हैं।

10. **जैव-विविधता हॉट-स्पॉट किन आधार पर निर्धारित किए जाते हैं?**
    A. जनसंख्या घनत्व
    B. औद्योगिक क्षेत्र
    C. वनस्पति के आधार पर
    D. शहरी विकास के आधार पर (C)

*व्याख्या:* जैव-विविधता हॉट-स्पॉट क्षेत्र वनस्पति और प्रजातियों की अधिकता के आधार पर पहचाने जाते हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App